**नगर निगम, शाहजहाँपुर।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक 29.05.2020**

**नगर निगम से सम्बन्धित प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु कृपया कन्ट्रोल रूम फोन नम्बर–05842–225437 अथवा मोबाइल नं0– 7355338008 पर सम्पर्क करे,**

- **लॉकडाउन की अवधि में कराया गया नालो की सफाई(28 बड़े एवं 60 डीप ड्रेन / छोटे नाले)**

- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत रोस्टर के अनुसार सैनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त कोविड–19 कोरोना वायरस के संक्रमण के बचाव के लिये नगर निगम द्वारा शहर प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेंशन तथा फागिंग का कार्य कराया जा रहा है।**

- **नगर निगम की सेवायें या अन्य किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिये 24 घन्टे कन्ट्रोल रूम के फोन नं0 05842–225437 तथा 7355338008 पर करें फोन।**

1–शाहजहाँपुर नगर में 28 बड़े नाले तथा 60 छोटे नाले /डीप ड्रेन है। वर्षा ऋतु में शहर में जल–जमाव न हों उसके लिये योजनाबद्ध रूप से शहर के नालो की सफाई करायी जा रही है। इस कार्य हेतु पूरे 06 जोन में विभाजित किया गया है एवं प्रत्येक जोन के लिये सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को तैनात किया गया है। नाले की सफाई का कार्य नगर निगम द्वारा अपने मशीनों तथा सफाई उपकरणों एवं सफाई कर्मचारियों के माध्यम से कराया जा रहा है। इस कार्य हेतु 120 अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों को लगाया गया है। लॉकडाउन अवधि में उपरोक्त नालों और गहरी नालियों की सफाई में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न नही हो रहा है। नगर की जनता की नाला सफाई कार्य की सराहना कर रही है।

जोन –1 में 4290 मीटर लम्बे सात बड़े नालों में से 2744 मीटर की सफाई, जोन–2 में 5200 मीटर लम्बे 04 बड़े नाले में से 3555 मीटर की सफाई, जोन–3 में 3995 मीटर लम्बे 05 बड़े नाले में से 3905 मीटर की सफाई, जोन–4 एवं 05 में 6870 मीटर लम्बे 11 बड़े नाले में से 6685 मीटर की सफाई, जोन–6 में 3000 मीटर लम्बे 01 बड़े नाले में से 1900 मीटर की सफाई की जा चुकी है। इस प्रकार कुल 23355 मीटर लम्बे 28 बड़े नालों में से 18789 मीटर की सफाई का कार्य, जो 80 प्रतिशत है,पूर्ण हो गया है।

जोन –1 में 6010 मीटर लम्बे 16 छोटे नालों में से 4675 मीटर की सफाई, जोन–2 में 10450 मीटर लम्बे 10 छोटे नाले में से 9750 मीटर की सफाई, जोन–3 में 10250 मीटर लम्बे 13 छोटे नाले में से 8075 मीटर की सफाई, जोन–4 एवं 05 में 12290 मीटर लम्बे 19 छोटे नाले में से 9770 मीटर की सफाई, जोन–6 में 1950 मीटर लम्बे 02 छोटे नाले में से 950 मीटर की सफाई की जा चुकी है। इस प्रकार कुल 40950 मीटर लम्बे 28 छोटे नालों में से 33220 मीटर की सफाई का कार्य, जो 81 प्रतिशत है,पूर्ण हो गया है।

शहर के ऐसे कई नालो को इस अभियान के अन्तर्गत साफ किया गया है जो विगत कई वर्षो से अवरोधों के चलते साफ नही हो पाये थे। इसके अतिरिक्त नालो की सफाई में कही–कहीं विशेष स्थितियॉ उत्पन्न हुई जिनका तत्काल समाधान कराते हुये कार्यो को पूर्ण कराया गया। इस सम्बन्ध में उल्लेखनीय है कि मो0 हाथीथान में शब्बन की ठेकी से ढ़ाका तालाब तक स्थित नाले के रास्ते में उत्तर रेलवे की अपलाइन तथा पूर्व–उत्तर रेलवे ( NER ) की पुलिया निर्माणाधीन होने के कारण पानी का निकास ठीक से नही हो रहा था ।

Generated by CamScanner

तथा निसरजई स्थित खेतो मे पानी भर गया था। इस निर्माणाधीन पुलियॉ के अवरोध को रेलवे विभाग के अधिकारियो से सामन्जस्य स्थापित कराते हुये खुलवा दिया गया। इसी प्रकार मो0 भारद्वाजी स्थित नाले की सफाई में अवरोध उत्पन्न कर रहे एक पुरानी पुलिया को तुड़वाकर सफाई कराई गई।

नगर आयुक्त महोदय द्वारा नालो की सफाई के सम्बन्ध में सप्ताह में 02 बार समीक्षा की जाती है। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं सभी जोनल अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन अपनी उपस्थिति एवं देख–रेख में नालो की सफाई का कार्य कराया जा रहा है।

2– नगर आयुक्त महोदय के **निर्देशानुसार आज दिनांक 29.05.2020 को सेनेटाइजेंशन का कार्य**–सरायकाईयॉ, रैन बसेरा,एफ0सी0आई मालगोदाम,जमौर,रेयान इंटरनेशनल स्कूल,बालगृह बालिका,हथौड़ा बुजुर्ग,मण्डी समिति रौजा,हॉडा कालोनी,निवाजपुर, कचहरी,जज साहब का बंगला,तारीन बहादुरगंज,बहादुरगंज,मक्कू बजरिया, कलेक्ट्रेट,सेठ इनक्लेव,मोटर वाहन, किशोर न्यायालय,दुर्घटना न्यायालय,खिरनीबाग सराय, अन्डे वाली गली,नवोदय विधालय **फागिंग का कार्य**– कटिया टोला, रेयान स्कूल,सरायकाईयॉ, बी0एस0 पब्लिक स्कूल, पालिटेक्निक कालेज,मुमुक्षु आश्रम,बच्चा जेल,हाण्डा कालोनी,निवाजपुर,आफीसर्स कालोनी,दिलाजाक में कराया गया।

**कल दिनांक 29.05.2020 रोस्टर के** एमनजई जलालनगर, लोधीपुर, सिटीपार्क, चमकनी, बहादुरगंज, मामूड़ी, रंगीन चौपाल, बारादरी, तारीन बहादुरगंज, कटिया टोला, खिरनीबाग, बृज बिहार, महमन्द जंगला, अलीजई, खलीलशर्की, चौभुर्जी, बरेली मोड़ साउथ सिटी, गार्डेन स्टेट, गीतापुरम कालोनी, लालपुर, चमकनी गाड़ीपुरा, रोशनगंज,हॉडा कालोनी से ग्रीन वैली स्कूल, फत्तेपुर रेती तक में कराया जायेगा।

3–नगर निगम द्वारा कन्ट्रोल रूम टेलीफोन नं0 5842–225437 तथा 7355338008 पर नगरवासियों द्वारा अपनी समस्यायें दर्ज कराई जा रही है। जिनका तत्काल निस्तारण कराया जा रहा है। अब तक कुल 814 व्यक्तियों द्वारा कन्ट्रोल रूम के माध्यम से अपनी समस्यायें दर्ज कराई गई है। जिसमें 762 शिकायतो का निस्तारण हो गया। शेष 52 की कार्यवाही की जा रही है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा प्रतिदिन शिकायतों की समीक्षा, अनुवश्रण तथा नगरवासियो से फीडवैक भी प्राप्त किया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगरवासियों से अपील की गई कि घर के अंदर सुरक्षित रहते हुये नगर निगम से सम्बन्धित किसी भी समस्या के समाधान के लिये इस सुविधा लाभ उठायें।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर।
29/5/2020

Generated by CamScanner